# Ramesh Prasad Yadav Teachers' Training College
# Koderma - 825410

## ऑनलाईन परीक्षा प्रपत्र (सत्रः 2024–26, द्वितीय समसत्र) भरने सम्बंधी
## आवश्यक सूचना

आप सभी छात्र अध्यापकों–अध्यापिकाओं को सूचित किया जाता है कि, विश्वविद्यालय परीक्षा विभाग द्वारा निर्गत ज्ञापांक/विभावि/प0–354/2254/2025, दिनांक 30/08/2025 के आलोक में सत्र 2024–26 द्वितीय सेमेस्टर के लिए परीक्षा–प्रपत्र भरने की तिथि निम्न प्रकार है:–

| | |
|---|---|
| बिना दंड के साथ ऑनलाईन परीक्षा–प्रपत्र भरने करने की तिथि | 01.09.2025 to 13.09.2025 |
| महाविद्यालय द्वारा परीक्षा प्रपत्र स्वीकार / अस्वीकार करने की अंतिम तिथि (जिस तरह का केस हो) | 15.09.2025 |

नोट : 1. दिनांक 16.09.2025 से 100/–रुपये प्रतिदिन के हिसाब से अतिरिक्त विलम्ब शुल्क के साथ परीक्षा प्रपत्र भर सकते हैं।

2. परीक्षा की संभावित तिथि सितम्बर 2025 के अंतिम सप्ताह में संभावित है।
3. नामांकन की तिथि से 3 वर्ष बीत जाने के उपरांत परीक्षा प्रपत्र नहीं भर सकते हैं।
4. निर्धारित परीक्षा शुल्क देय होगा।
5. जो परीक्षार्थी **B.Ed. Sem-II** की आंतरिक परीक्षा में अनुपस्थित हैं, वे परीक्षा–प्रपत्र नहीं भरेंगे।
6. पाठ्यक्रम में उल्लेखित नियमानुसार जो परीक्षा–प्रपत्र भरने योग्य हैं, सिर्फ वही परीक्षा–प्रपत्र भरेंगे। अन्यथा प्रवेश–पत्र निर्गत नहीं किया जायेगा।
7. उपरोक्त तिथि के बाद परीक्षा प्रपत्र किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किये जायेंगे।
8. परीक्षा प्रपत्र **Online mode** में **www.vbuuniv.in / www.vbu.ac.in** में भरा जाएगा। परीक्षा फार्म भरने से पहले निम्नलिखित दिशा निर्देशों को ध्यान से पढ़ें:
   - a) नए आवेदकों को **"Registration for New User"** लिंक पर क्लिक करना होगा जिससे **"Create User"** पेज खुल जाएगा।
   - b) **"Create User"** पृष्ठ के अंतर्गत सभी जानकारियों को भरना अनिवार्य है जिन्हें तारांकित चिह्न(*) द्वारा इंगित किया गया है।
   - c) जिन आवेदकों के पास वैध ईमेल, आईडी नहीं है उन्हें नया **"User"**बनाने से पहले ईमेल, आईडी बनाना होगा। आवेदकों को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि ईमेल, आईडी और पासवर्ड को भविष्य के सभी पत्राचार/संदर्भ के लिए सुरक्षित रखा जाए।
   - d) नए **"User"** के निर्माण की पुष्टि के लिए आपके मोबाइल नंबर पर एक ओटीपी जाएगा। पुष्टि करने के लिए उस ओटीपी को भरें।
   - e) आगे बढ़ने से पहले अपने पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ और हस्ताक्षर की स्कैन कॉपी तैयार रखें। स्कैन की गई तस्वीर का आकार और हस्ताक्षर अलग–अलग 20 KB से 50 KB तक एवं JPEG फॉर्मेट में होना चाहिए। हस्ताक्षर केवल काली स्याही के बॉल पेन से किए जाने चाहिए।
   - f) फोटोग्राफ और हस्ताक्षर अपलोड करें और फॉर्म भरने के लिए आगे बढ़ें।
   - g) **"Create User"** पृष्ठ को पूरा करने के बाद पृष्ठ के नीचे दिए गए **"Sign up"** बटन पर क्लिक करें।
   - h) परीक्षा शुल्क भुगतान के पूर्व सभी कॉलम सही तरह से भरा है कि नहीं इसकी जाँच कर लें।
   - i) **Final submission** के बाद किसी तरह का कोई संशोधन नहीं हो सकता है।
   - j) फार्म भरने में किसी तरह की समस्या होने पर इन नम्बरों पर सम्पर्क स्थापित करें।

     7520381245, 8252642652

9. उपरोक्त तिथि के अन्तर्गत प्रशिक्षु अपना–अपना परीक्षा–प्रपत्र आवश्यक रुप से ऑनलाईन भर लेंगे। विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित तिथि के अन्तर्गत परीक्षा फॉर्म नहीं भरने की सारी जवाबदेही स्वयं प्रशिक्षुओं की होगी।

10. जो परीक्षार्थी B.Ed. Sem-I में उत्तीर्ण/प्रमोटेड हैं, वहीं B.Ed. Sem-II का परीक्षा प्रपत्र भर सकते हैं।

11. परीक्षा प्रपत्र ध्यानपूर्वक ऑनलाईन सही–सही भरें। **हस्ताक्षर केवल काली स्याही के बॉल पेन से किये जाने चाहिए।**

12. परीक्षा प्रपत्र की **हार्ड कॉपी** एवं **No Dues Slip, Clear** करवाकर महाविद्यालय कार्यालय में जमा करें।

13. प्रशिक्षु अवलोकन पूर्णता प्रमाण–पत्र, अपने आवंटित विद्यालय के प्रधानाचार्य/प्रभारी प्रधानाचार्य से हस्ताक्षर एवं मुहर करवाकर अवलोकन प्रतिवेदन **(Observation Report)** एवं पाठ–योजना **(Lesson Plan)** के साथ अपने पर्यवेक्षक के पास जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

**14. छात्र/छात्राओं द्वारा भरे हुए ऑनलाईन परीक्षा प्रपत्र में सभी अहर्ता (Assignment & Project Dues, Seminar Presentation, Library Dues., Semester Fees dues, Internal Exam Dues, Lab. Dues, etc.) पूरा नहीं होने पर प्रशिक्षु द्वारा भरे हुए प्रपत्र को महाविद्यालय द्वारा अस्वीकार (Reject) कर दिया जाएगा।**

ज्ञापांक : RPYTTC/EXAM/22/2025 दिनांक: 01.09.2025

प्रतिलिपिः–

1. प्राचार्य, र0 प्र0 य0 शि0 प्र0 महाविद्यालय।
2. सभी सहायक प्राध्यापकगण एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारीगण र0 प्र0 य0 शि0 प्र0 महाविद्यालय।
3. महाविद्यालय वेबसाईट – **www.rpyttc.com**

प्राचार्य के आदेश से

01.09.2025

परीक्षा नियंत्रक